प्रेषक,

योगेश चन्द्र दीक्षित,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण,
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-7 **लखनऊ : दिनांक 11 मार्च, 2026**

विषय-उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के संचालन हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी के सृजित पद की क्रमागत निरन्तरता के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-10458/ए-157टीसी/यूपीआरआरडीए/2006, दिनांक-06.02.2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदया मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के नि:संवर्गीय एक पद, जो शासनादेश संख्या-पी-218/अड़तीस-9-2013-10(पीएमजीएसवाई)/2003, दिनांक 30.09.2013 द्वारा दिनांक 28.02.2014 तक के लिये अस्थायी रूप से सृजित किया गया था और शासनादेश संख्या-33/2025/पी-257(2)/38-9099(99)/2/2022, दिनांक 11.07.2025 द्वारा अन्तिम बार क्रमागत निरन्तरता दिनांक 28.02.2026 तक बढ़ायी गयी थी, की क्रमागत निरन्तरता दिनांक 28.02.2027 तक बढ़ाये जाने की एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं, बशर्ते कि प्रश्नगत पद बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिया जाय।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक "2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-04-प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना-0401-उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण की स्थापना-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)" के नामें डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-**E-2-196-X-2025-26, दिनांक 10.03.2026** में प्राप्त सहमति के अन्तर्गत निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

योगेश चन्द्र दीक्षित
अनु सचिव।

-2/

संख्या-03/2026/पी-103(1)/38-9099(99)/2/2022, तददिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/ नियुक्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- महालेखाकार (प्रथम), उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/वित्त (लेखा) अनुभाग-2
5- वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

योगेश चन्द्र दीक्षित
अनु सचिव।